मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति ने की पहलगाम हमले की कड़ी निंदा, मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि

दिनांक 23 अप्रैल 2025

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने पहलगाम हमले की कड़ी भर्त्सना की है। पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज एवं राष्ट्र के लिए हानिकारक हैं। इस समय हमें शांति और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में निहत्थे और पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किया गया आक्रमण बहुत ही दुःखद और चिंताजनक घटना है। ऐसी घटनाएं न केवल निर्दोष लोगों की जान लेती हैं, बल्कि क्षेत्र की शांति और सुरक्षा को भी खतरे में डालती हैं। इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है, जिससे आतंकवादियों के मंसूबों को नाकाम किया जा सके और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल की जा सके। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होकर ऐसी घटनाओं की निंदा करनी चाहिए और शांति तथा सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए मिलजुल कर काम करना चाहिए।

उन्होंने मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।